राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने प्रतापगढ़ में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## जनजातीय क्षेत्र में प्रत्येक पात्र को योजनाओं से जोड़कर मुख्यधारा में करें शामिल —राज्यपाल

जयपुर/प्रतापगढ़, 1 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को प्रतापगढ़ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, प्रभावी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री बागडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के जल संरक्षण संरचनाओं जैसे तालाबों, बावड़ियों एवं एनिकटों के निर्माण के निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री बागडे ने वनाधिकार अधिनियम, जनजाति क्षेत्रीय विकास योजनाओं, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री जन आरोग्य आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सूचकांकों की समीक्षा करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा को जनजातीय कल्याण का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालयों एवं छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित की जाए, साथ ही उनकी कार्यात्मक स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने, कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता मानकों का पालन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधियों से संचालित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

-----






महामहिम राज्यपाल महोदय
की अध्यक्षता में
समीक्षा बैठक